पत्रांक–14/निजी–974/2024– 10003 /सा0प्र0

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

राजीव रंजन दास,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक– 05/06/2026

विषयः– **श्री कौशलेन्द्र कुमार, बि0प्र0से0, को0क्र0–172/26, अधिसूचित आप्त सचिव (सरकारी), माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के प्रभार रहित अवधि का विनियमन के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि दिनांक–14.04.2026 को मंत्रिपरिषद् के विघटनोपरांत श्री कौशलेन्द्र कुमार द्वारा दिनांक–14.04.2026 को माननीय मुख्यमंत्री बिहार, पटना के आप्त सचिव (सरकारी) के पदभार का स्वतः प्रभार त्याग कर दिनांक–15.04.2026 से सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना में पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहें।

2. विभागीय अधिसूचना संख्या–8173, दिनांक–10.05.2026 द्वारा श्री कौशलेन्द्र कुमार, बि0प्र0से0, को0क्र0–172/26 को विशेष कार्य पदाधिकारी, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया, परन्तु उक्त पद पर श्री कुमार द्वारा योगदान नहीं किया गया।

3. विभागीय अधिसूचना संख्या–8636, दिनांक–15.05.2026 द्वारा श्री कौशलेन्द्र कुमार, बि0प्र0से0, को0क्र0–172/26 को श्री निशांत, माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना का आप्त सचिव (सरकारी) के पद पर नियुक्ति हेतु उनकी सेवा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को सौंपी गयी। उक्त अधिसूचना के आलोक में श्री कुमार द्वारा माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव (सरकारी) के पद पर दिनांक–15.05.2026 के पूर्वाह्न में स्वतः प्रभार ग्रहण किया गया।

4. इस प्रकार श्री कुमार दिनांक–15.04.2026 से दिनांक–14.05.2026 तक प्रभार रहित अवधि में रहें।

5. अतः श्री कौशलेन्द्र कुमार, बि0प्र0से0, को0क्र0–172/26, आप्त सचिव (सरकारी), माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना का दिनांक–15.04.2026 से दिनांक–14.05.2026 तक की प्रभार रहित अवधि को मौलिक नियमावली के नियम 9 (6) (बी) (iv) जो बिहार सेवा संहिता के नियम–14 (बी) के सदृश है, के तहत् पदस्थापन हेतु अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि के रूप में विनियमित किया जाता है।

6. उक्त अवधि में श्री कौशलेन्द्र कुमार, बि0प्र0से0, को0क्र0–172/26, को कोटि वेतन देय होगा।

7. प्रस्ताव पर विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन,
05.06.2026
(राजीव रंजन दास)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–14/निजी–974/2024– 10003 /सा0प्र0, पटना–15, दिनांक– 05/06/2026

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना/सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/श्री कौशलेन्द्र कुमार, बि0प्र0से0, आप्त सचिव (सरकारी), माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/सम्बन्धित कोषागार पदाधिकारी/प्रबंधक, आई0टी0, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट एवं संबंधित पदाधिकारी के सेवा इतिहास पोर्टल पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05.06.2026
सरकार के उप सचिव।